# विज्ञान समिति, उदयपुर

# मासिक रिपोर्ट

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित मासिक प्रकाशन का सोलहवां वर्ष



Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org



अंक :184 | स्वैच्छिक सेवा का 58 वां वर्ष | जुलाई 2017


## विज्ञान लोकप्रियकरण

●लोकविज्ञान : जुलाई अंक के लेख – ऋषि तुल्य **वैज्ञानिक डॉ डी एस कोठारी, योग करें स्वस्थ रहें, बायोमेट्रिक मशीन की कार्यप्रणाली, फिटकरी के उपयोग, चर्म रोग : कारण और निवारण।**

## ●एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम

**आदर्श ग्राम विकास कार्यक्रम –**

**वृक्षारोपण :** – 12 जुलाई को एमपीयूएटी से प्रोफेसर आर ए कौशिक तथा विज्ञान समिति से डॉ के एल कोठारी एवं श्री एस एल भण्डारी देवाली गये। गाँव के स्कूल में उनकी माँग के अनुसार आशापाला के 15 बड़े पौधे 6–6 फीट वाले खरीद कर पहले भेज दिए थे। उनका विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं एवं छात्र–छात्राओं एवं गाँव विकास समिति के सदस्यों के सहयोग से रोपण किया गया। इस कार्य से अच्छा वातावरण बना। **डॉ. कौशिक** ने ग्रामवासियों को फल वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। बार–बार वर्षा होते रहने से कई बार बनाये कार्यक्रम रद्द करने पड़े।

## पद्म विभूषण डॉ. डी.एस. कोठारी विज्ञान एवं दर्शन संगोष्ठी




6 जुलाई 2017 को **डॉ डी एस कोठारी** के जन्मदिन पर विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई। विषय था – **''उत्कृष्ट जीवन का आधार : विज्ञान और अध्यात्म''।** कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता **अहमदाबाद से पधारे भौतिक विज्ञानी व अध्यात्म के प्रखर विद्वान डॉ राजमल जैन** ने कहा कि जैन दर्शन रूपी रथ के दो चक्र हैं, एक विज्ञान दूसरा अध्यात्म। दोनों का समन्वय ही उत्कृष्ट जीवन का आधार है। आपने पॉवर पॉइण्ट प्रस्तुति द्वारा जैन–धर्म की प्राचीनता पर शोधपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया।



संगोष्ठी के **मुख्य अतिथि उदयपुर के सांसद माननीय अर्जुनलाल जी मीणा** ने विज्ञान समिति द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए जैन दर्शन के अहिंसा परमो धर्म सिद्धांत को मानव जाति के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया।

'नेनो टेक्नोलॉजी से मानव सेवा' विषय पर व्याख्यान देते हुए **मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की भौतिकशास्त्र की प्रो. एन लक्ष्मी** ने समसामयिक जानकारी को साझा किया और भविष्य में नेनो तकनीक के संभावित अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। विज्ञान समिति द्वारा संचालित दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ के संयोजक **डॉ. एन एल कच्छारा** ने संगोष्ठी के विषय का प्रवर्तन किया। उत्कृष्ट जीवन के आध्यात्मिक आधार को **डॉ. प्रेमसुमन जैन** ने अपनी वार्ता में स्पष्ट किया कि **मृणमय से चिन्मय** की यात्रा को अध्यात्म कहते हैं, उसे प्राप्त करना ही जीवन का लक्ष्य है।

## आर्थिक सहयोग

● **सदस्यों से वार्षिक सहयोग**– श्री गणेश डागलिया – रु.1000/–, श्री संजय कोठारी – रु. 1000/–

● **विशेष कार्यक्रमों हेतु सहयोग**

**महावीर जयंती हेतु :** दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ से – रु. 4500/–

**डॉ डी एस कोठारी स्मृति संगोष्ठी हेतु :** श्री महावीर सार्वजनिक पुण्यार्थ ट्रस्ट से रु. 3000/–

**सभी सहयोगकर्ताओं का हार्दिक आभार।**


सम्प्रेरक : डॉ. के.बी. शर्मा, अध्यक्ष; डॉ. के.पी. तलेसरा, कार्यकारी अध्यक्ष; रमेश चन्द्र भटनागर, महासचिव
समन्वयक : डॉ. के.एल. कोठारी–सम्पादक, श्री प्रकाश तातेड़



संगोष्ठी के प्रारंभ में डॉ. डी एस कोठारी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। **विज्ञान समिति के संस्थापक डॉ. के एल कोठारी** ने डॉ डी एस कोठारी के जीवन संघर्ष व उपलब्धियों को रेखांकित किया।

इस अवसर पर अतिविशिष्ट उपलब्धियों पर **श्री गोपाल डांगी** को शीर्षासन में कीर्तिमान, **श्री कल्पित वीरवाल** को जेईई मेन्स में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर तथा **सुश्री छवि हरकावत** को नीट परीक्षा में राजस्थान टॉप करने पर समिति द्वारा उनकी प्रतिभा को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान इसरो के पूर्व वैज्ञानिक **डॉ. सुरेन्द्र सिंह पोखरना** ने अहिंसा के वैज्ञानिक पक्ष की विवेचना कर इसके प्रचार–प्रसार हेतु प्रस्ताव रखा जिसका सदन ने अनुमोदन किया। संगोष्ठी का संयोजन विज्ञान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के पी तलेसरा** ने किया तथा सचिव **मुनीश गोयल** ने आभार व्यक्त किया।



## पुस्तक विमोचन

प्रसिद्ध साहित्यकार समिति के सहयोगी **डॉ. देव कोठारी** ने कन्नड की एक पुस्तक '**चारु वसन्ता**' का राजस्थानी में अनुवाद किया है, उस पुस्तक का विमोचन विज्ञान समिति सभागार में दिनांक 29 जुलाई को आयोजित हुआ जिसमें बाहर से कई साहित्यकार पधारे तथा नगर से भी अनेक विद्वान उपस्थित थे। साहित्यकारों ने अनुवादित पुस्तक एवं डॉ देव कोठारी की भूरि–भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर पुस्तक के मूल लेखक **प्रो. हम्पा नागराजय्या** भी उपस्थित थे। हार्दिक बधाई!

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** दिनांक 10 जुलाई को इस प्रकोष्ठ की बैठक में 60 महिलाएं उपस्थित थी।

प्रशिक्षिका **श्रीमती निर्मला सोनी** ने फलाफल, हमस (ईटालियन) आदि व्यंजन बनाना सिखाया। विज्ञान समिति के वरिष्ठ सदस्य **डॉ एन सी जैन** ने **विशिष्ट ध्यान विधि** की जानकारी दी एवं ध्यान कराया जो महिलाओं को बहुत अच्छा एवं लाभदायक लगा। **श्रीमती बेला जैन** (संयोजिका) ग्रुप लीडर की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ **श्रीमती पुष्पा कोठारी**(चेयरमेन) ने विचार व्यक्त किए।

● **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** दिनांक 20 जुलाई को आयोजित इस प्रकोष्ठ की बैठक में 69 महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता उदयपुर के प्रसिद्ध **आयुर्वेदाचार्य डॉ शोभालाल जी औदिच्य** की वार्ता बहुत प्रभावी थी, उन्होंने बताया कि किस प्रकार व्यक्तिगत दिनचर्या, खानपान, आयुर्वेदिक उपचार द्वारा रोगों की रोकथाम, की जाती है। उन्होंने योग व घरेलू उपचार के बारे में भी जानकारी दी। सभी महिलाओं ने उनके द्वारा दी गई जानकारी को बहुत रुचिपूर्वक सुना और अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में भी पूछा। **डॉ के एल कोठारी** ने शोभालाल जी का आभार व्यक्त करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में प्रकाश डाला। अध्यक्ष **डॉ के बी शर्मा** ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

गत माह में खेले गये खेल के परिणाम भी सुनाये गये। इसमें **श्रीमती सुरजीत कौर** को प्रथम व **श्रीमती विजयलक्ष्मी बंसल** व **श्रीमती राजकुमारी गलुंडिया** को द्वितीय पारितोषिक मिला। इसके पश्चात् **श्रीमती पुष्पा गुप्ता, श्रीमती विजयलक्ष्मी बंसल, श्रीमती शिवा तलेसरा, श्रीमती सुषमा अग्रवाल, श्रीमती चन्द्रकान्ता मेहता व श्रीमती पुष्पा धाकड़** ने सावन के गीत गाकर सबको हर्षोल्लासित किया।

● **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** दिनांक 29 जुलाई को आयोजित इस बैठक में 24 महिलाएं उपस्थित थीं। नए सदस्यों का परिचय और पढ़ाई के बारे में चर्चा की गई।

**श्री प्रकाश तातेड़** ने ज्ञानवर्द्धक प्रश्न पूछे। उत्तर देने वाली महिलाओं को पारितोषिक दिए गए। **डॉ के एल कोठारी** ने प्रश्न पूछे और जीवन पच्चीसी के बिन्दुओं पर चर्चा की। **डॉ. जे. के. दोशी** ने महिलाओं से उनकी परेशानी के बारे में जानकारी प्राप्त की। आने जाने की समस्या, आर्थिक स्थिति। महिलाओं ने कहा कि विज्ञान समिति कोई ऐसा केन्द्र खोलें जिसमें हम लोग अपना काम करके अच्छा जीवन जी सकें।

**प्रो. सुशीला दीदी** ने सभी को **राखी बनाना** और **घरेलू नुस्खे** बताये। राखी बनाना मंजुला शर्मा ने भी बताया। **श्रीमती रेणु भण्डारी** ने '**लहर पत्रिका**' पर चर्चा की एवं वितरण किया।

कार्यक्रम का संचालन **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने किया जलपान एवं यात्रा भत्ता दिया। कुछ महिलाओं को तुलसी के एवं अन्य पौधे दिए। **महिला समृद्धि कोष** से दो महिलाओं **कैलाशी डांगी एवं पिंकी** (दोनों टूस डांगियान) को **श्रीमती हंसा सेन** की सिफारिश पर पाँच–पाँच हजार के चैक ऋण स्वरूप दिये गये। टूस की दीपिका नागदा ने ऋण की किश्त जमा करवाई।

●**महिला सशक्तिकरण समिति की बैठक** – समिति परिसर में 11 जुलाई को आयोजित हुई उसमें **प्रो सुशीला अग्रवाल , डॉ के एल**

**कोठारी, श्रीमती पुष्पा कोठारी, श्रीमती शकुन्तला धाकड, श्रीमती शैल गुप्ता, श्रीमती रेणु भण्डारी** उपस्थित थे। बैठक में महिला सशक्तिकरण के कार्यों की समीक्षा की गई। **श्रीमती डॉ शैल गुप्ता** को महिला सशक्तिकरण समिति का सचिव बनाया गया तथा **श्रीमती रेणु भण्डारी** को महिला चेतना शिविर के संचालन का काम दिया गया। समिति प्रांगण में एक मेला आयोजित करने का एवं एक रैली का निर्णय हुआ । वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ में सदस्यों की संख्या 155 तक की जा सकती है इसकी स्वीकृति दी गई।

● **हेप्पी एण्ड हेल्दी संडे** – महावीर युवा महिला मंच एवं विज्ञान समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक नया कार्यक्रम महिलाओं के लिए प्रारम्भ किया है जो **श्रीमती विजयलक्ष्मी गलुण्डिया** की पहल एवं संयोजन में आयोजित हो रहा है।

जुलाई माह में 2 जुलाई और 16 जुलाई को यह कार्यक्रम हुआ जिसमें क्रमशः 50 एवं 35 महिलाओं ने भाग लिया जिसमें आरोग्य हेल्थ लाइन की निदेशक **श्रीमती रेखा सोनी एवं श्रीमती गुनीता मोगा** (योग प्रशिक्षक) ने प्राणायाम, ध्यान एवं योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम प्रातः 6 से 8 बजे तक समिति प्रांगण में हुआ।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● **निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। जुलाई माह में 10 शिविर हुए जिसमें 104 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

● **श्री विजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में **उनपचासवां शिविर** दिनांक 16 जुलाई 2017 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल. जैन** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ, **डॉ.अनुराग तलेसरा,** अस्थि रोग विशेषज्ञ, **डॉ. भानु प्रकाश वर्मा,** ईएनटी विशेषज्ञ, **डॉ. शोभालाल औदिच्य–** आयुर्वेदाचार्य, **दर्शन डेंटल कॉलेज** के दंत रोग विशेषज्ञ एवं उनकी टीम, **श्री मुर्तजा हुसैन एवं श्री कमलेश शर्मा**–ब्लड शुगर जांच; **श्री डी.एस. देवड़ा–** मूत्र जांच, **श्री बी.एल.पोखरना** एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 49 नागरिकों का 45 सामान्य, 28 हृदय, 26 मधुमेह, 11 अस्थि रोग, 11 ईएनटी, 2 नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 11 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **पचासवां शिविर 20 अगस्त 2017** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

शिविर में **डॉ. बी.एल. चावत** एवं **श्री राजेन्द्र खोखावत** ने विशेष सेवाएं दी।

**प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ** – इसके अंतर्गत 22 जुलाई को 'अमेरिकन नागरिकों का वर्तमान राजनैतिक चिंतन' विषय पर **इंजी. एस.पी. मित्तल** की वार्ता हुई। **डॉ. ए.के. संचेती, डॉ. के.एल. तोतावत** ने भी विचार व्यक्त किए।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

इस प्रकोष्ठ द्वारा 6 जुलाई को **अध्यात्म एवं विज्ञान संगोष्ठी** कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## केलवा प्रोजेक्ट

● श्रद्धा का 45 वां अंक (जुलाई 2017) प्रकाशित एवं वितरित हुआ।

## अन्य बिन्दु

● समिति के कम्प्यूटर कार्यकर्ता **श्री गजेन्द्र दाहिमा** ने अन्यत्र कार्य प्रारम्भ कर दिया है किन्तु समिति के प्रकाशनों में एवं विशिष्ट कार्यों में सहयोग देते रहेंगे।

● हमारा चौकीदार **श्री कैलाश दास** 6 जुलाई से अन्यत्र कार्यरत है। अतः उसके स्थान पर **श्री गणेश मीणा** को नियुक्त किया है।

● हमारे कार्यकर्ता **श्रीमती मंजुला शर्मा, प्रभारी महिला कार्यक्रम, श्री कैलाश वैष्णव एवं श्री दलाराम** का तीर्थ यात्रा से लौटने पर समिति में सम्मान किया गया।

## सदस्यों सबंधी

● हमारे सदस्य और पूर्व उपाध्यक्ष **डॉ पी एम अग्रवाल** सपत्नी अपने सुपुत्र के साथ रहने 3 माह के लिए 1 जुलाई को अमेरिका पधारे। वहाँ सकुशल हैं। विज्ञान समिति की शुभकामनाएँ।

●हमारे सदस्य और दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ के संयोजक **डॉ एन एल कच्छारा** का चिकित्सीय परामर्श के अनुसार ऑपरेशन 29 जुलाई को जीबीएच अमेरिकन हॉस्पीटल पर हुआ। 4–5 दिन वहाँ रहने के पश्चात् घर पहुँच गए हैं और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। शीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं।

● हमारे संरक्षक सदस्य **इंजी. श्री राजेन्द्र बया** नवनिर्माण संघ, उदयपुर के अध्यक्ष चुने गये। यह पद उन्होंने जनवरी 2017 में ग्रहण कर लिया। भूलवश यह जानकारी पहले नहीं दी जा सकी। हार्दिक बधाई!

● हमारे जोधपुर में सदस्य सिंघानिया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति **प्रो. सोहनराज जी तातेड़** का राजस्थान पत्रिका के टीवी चैनल प्लस के पुनरुत्थान कार्यक्रम में चयन हुआ जिसमें प्रतिदिन आधा घंटा प्रवचन (आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक प्रवचन) शाम को प्रसारित हो रहा है। हार्दिक बधाई!

● हमारे संरक्षक सदस्य **श्री सुशील बांठिया** की पौत्री **सुश्री सिद्धि बांठिया (सुपुत्री विशाल बांठिया)** 2017 की सीनियर सैकण्डरी सीबीएसई परीक्षा, वाणिज्य संकाय में उदयपुर जिले में प्रथम रही (96.2%) सिद्धि और परिवार को हार्दिक बधाई।

● एक्यूप्रेशर सेवा प्रकल्प के प्रमुख श्री बी.एल. पोखरना का 6 जुलाई को अहमदाबाद में बाईपास सर्जरी हुई। अब वे घर पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामना।

## सादर आमंत्रण

● योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इण्डिया द्वारा स्वामी श्री हितेषानन्द जी गिरि महाराज द्वारा भावपूर्ण सत्संग एवं प्रवचन कार्यक्रम दिनांक 1 सितम्बर 2017 को सायं 5.30 बजे विज्ञान समिति सभागार में आयोजित है। जिसका विषय **''क्रिया योग – ईश्वरानुभूति की सरल एवं प्राचीन यौगिक वैज्ञानिक प्रविधि''** है।

● **राष्ट्रीय पोषण सप्ताह** के अंतर्गत विज्ञान समिति में **6 सितम्बर 2017 बुधवार, सुबह 11.00 बजे ''जिज्ञासा'' कार्यक्रम** में आपके प्रश्नों के उत्तर पोषण एवं चिकित्सा विशेषज्ञ से प्राप्त करने हेतु प्रश्न **1 सितम्बर 2017** तक समिति कार्यालय में पहुंचावें।

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ

**August**

| | |
|---|---|
| Smt. Shakuntala Dhakar | 04/08 |
| Sh. Munish Goyal | 04/08 |
| Sh. Ganpat Lal Porwal | 08/08 |
| Sh. Raj Lodha | 14/08 |
| Sh. N.C. Jain | 22/08 |
| Sh. R.K.Bolia | 23/08 |
| Sh. Parag Kothari | 28/08 |
| Sh. Rakesh Samar | 31/ 08 |

**September**

| | |
|---|---|
| Sh. Ranjeet Choudhry | 01/09 |
| Sh. S.L. Nalwaya | 05/09 |
| Sh. Arvind Mehta | 14/09 |
| Sh. SL Bhandari | 15/09 |
| Sh.R.K.Chatur | 16/09 |
| Sh.Rakesh Samar | 16/09 |
| Dr. Anurag Talesara | 22/9 |
| Sh. J.S.Pokharna | 24/09 |
| Dr.Yogesh Joshi | 30/09 |




**जुलाई माह में डॉ. के.बी. शर्मा एवं श्रीमती मंजुला शर्मा** का जन्मदिन समिति में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

## विज्ञान समिति के अगस्त माह के कार्यक्रम

● **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

● **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 20 अगस्त 2017 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✱ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक–वन भ्रमण | गुरूवार 11 अगस्त | प्रातः 10.00 बजे से |
| ✱ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम | 3, 11 एवं 22 अगस्त 2017 | |
| ✱ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक – वन भ्रमण | सोमवार 12 अगस्त | प्रातः 10.00 बजे से |
| ✱ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ बैठक | सोमवार 28 अगस्त | प्रातः 10.00 बजे से |
| ✱ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | बुधवार 30 अगस्त | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✱ डॉ. डी.एस. कोठारी विज्ञान चेतना अभियान | 1 एवं 2 अगस्त 2017 | |
| ✱ स्वतन्त्रता दिवस समारोह | मगंलवार 15 अगस्त | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✱ विज्ञान समिति स्थापना समारोह | गुरूवार 31 अगस्त | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✱ अन्य कार्यक्रम निर्णय होने पर | | |

**अपील**

● कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।

● निर्माण, स्थायी कोष (कोरपस फंड), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :– श्रीमान् मदनसिंह जी–श्रीमती लीला जी सुराना, 8–सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**